**Ministry of Education**

Minister

315 Front Street West
Toronto ON  M7A 0B8

**Ministère de l'Éducation**

Ministre

315, rue Front Ouest
Toronto ON  M7A 0B8

Ontario

प्रिय माता - पिता-

मैं आपको लिख रहा हूं क्योंकि हम 2019-2020 के स्कूल वर्ष के आधिकारिक अंत से कुछ हफ़्ते दूर हैं। कोविड-19 प्रकोप के जवाब में हम सभी को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, उसके बावजूद, मैं आपके दृढ़ संकल्प और भावना से प्रेरित हूं। मैं जानता हूँ कि यह आसान नहीं रहा है, लेकिन पिछले कई महीनों में अपने बच्चों का समर्थन करने की आपकी प्रतिबद्धता पुनः पुष्टि करने वाली, रचनात्मक और असाधारण रूप से उत्साहवर्धक रही है। हम आपके बच्चों की भलाई की रक्षा करना और सीखने की निरंतरता को बनाए रखना जारी रखेंगे। इसे वास्तविकता बनाने के लिए माता-पिता और अभिभावक के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

हम जानते हैं कि हो सकता है अगले स्कूल वर्ष की शुरुआत वैसी ना दिखे या महसूस हो, जैसी 10 महीने पहले थी।

आज, स्कूलों को सुरक्षित रूप से दुबारा खोलने के लिए मैंने हमारी सरकार की योजना की घोषणा की। जबकि ओंटैरियो स्पष्ट रूप से कोविड-19 के प्रकोप के प्रति हमारी प्रतिक्रिया के संदर्भ में सकारात्मक प्रक्षेपवक्र पर है, **मेरा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षा प्रणाली आने वाले सितंबर में सभी संभावित परिदृश्यों के लिए सुरक्षित रूप से तैयार हो।** इसे ध्यान में रखते हुए, मैंने सभी स्कूल बोर्डों को तीन परिदृश्यों की योजना बनाने का निर्देश दिया है:

- स्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ पारंपरिक, नियमित कक्षा निर्देश पर वापसी,
- लाइव, एक साथ होने वाले ऑनलाइन निर्देश के उपयोग सहित रिमोट लर्निंग की निरंतरता, और;
- एक अनुकूलित डिलिवरी मॉडल जो छात्रों को मिश्रित वर्चुअल लर्निंग के साथ कक्षा में लौटने में सक्षम बनाता है जिसमें स्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताएं शामिल हैं जो प्रति कक्षा अधिकतम 15 छात्रों को सीमित करेगा।

हम आशा करते हैं कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार होता रहेगा और सुरक्षित होने पर स्कूल बोर्डों को एक पारंपरिक कक्षा के अनुभव में प्रवेश करने की अनुमति देगा। स्थानीय और क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी - ने शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर मैडिकल विशेषज्ञों की एक तालिका स्थापित की है - जो आगे बढ़ने के तरीके को आकार देने में मदद करेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके समुदायों के भीतर वास्तविकताएं सबसे अच्छी तरह से परिलक्षित होती हैं।

जबकि स्कूल बोर्ड मंत्रालय के मार्गदर्शन के आधार पर अपनी योजनाओं को विकसित करेंगे, मैं उन कुछ अंतर्निहित सिद्धांतों को व्यक्त करना चाहता हूं जिनका उपयोग हमने बोर्डों को इन निर्देशों को जारी करने में किया था।

…/p2

**सबसे पहले, हमें उस विकल्प को पहचानना चाहिए जो आपको माता-पिता के रूप में चाहिए।** आपने मुझे यह स्पष्ट कर दिया है, और हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आपको यह विकल्प चुनने का मौका मिले। इन-पर्सन क्लास में कोई भी भागीदारी स्वैच्छिक होगी। हम अपने लर्न एट होम (Learn At Home) कार्यक्रम को मजबूत करेंगे, अधिक परिवारों के लिए टेक्नोलोजी की अधिक से अधिक पहुंच प्रदान करेंगे, और नियमित, एक साथ होने वाली लाइव लर्निंग का दृढ़ता से साथ देंगे जो स्पष्ट रूप से आपके बच्चे को लाभान्वित करता है। हमारी सरकार माता-पिता का दृढ़ता से साथ देना जारी रखेगी और इस प्रभावशाली अनुभव पर जोर देगी।

दूसरा, यह योजना **आपके बच्चे, कर्मचारियों और आपके परिवारों की स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में** विकसित की गई थी। यही कारण है कि सरकार ने स्कूलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सितंबर में अतिरिक्त कस्टोडियल स्टाफ को नियुक्त करने के लिए सफाई, सफाई प्रोटोकॉल और वित्तीय सहायता के लिए नैट नए फंड की घोषणा की है। इसी लिए हमारी योजना चीफ मैडिकल ऑफिसर ऑफ हैल्थ, कोविड-19 कमांड टेबल पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों, द हॉस्पिटल फॉर सिक चिल्ड्रन के मैडिकल विशेषज्ञों, शिक्षा क्षेत्र के भागीदारों, फ्रंट-लाइन कार्यकर्ताओं, माता-पिता और छात्रों के साथ व्यापक परामर्श के बाद बनाई गई थी।

तीसरा, हमारी सरकार छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए रिकॉर्ड स्तर पर निवेश कर रही है। **हम मात्र आने वाले स्कूल वर्ष के लिए नई अतिरिक्त धनराशि में 10 मिलियन डालर का निवेश कर रहे हैं,** जिससे स्कूल बोर्डों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सके कि वे मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर कोविड-19 के प्रभाव को देखते हुए छात्रों का अभिप्रेरित ढंग से समर्थन कर रहे हैं। इस वर्ष, छात्रों को रैगुलेटिड मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों तक अभूतपूर्व प्रत्यक्ष पहुंच होगी, क्योंकि हमारी सरकार छात्र कल्याण के समर्थन में लगभग 50 मिलियन डालर का रिकॉर्ड निवेश कर रही है। मैडिकल विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि कोविड-19 का जवाब देने के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन बढ़ाने की आवश्यकता है। इस फंडिंग का उपयोग स्कूल बोर्डों द्वारा इस प्रतिकूलता के माध्यम से छात्रों का समर्थन करने, प्रतीक्षा समय को कम करने और महत्वपूर्ण सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने के लिए अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने के लिए किया जा सकता है, जो कि हम जानते हैं कि छात्र इसके हकदार हैं।

स्कूल पुनरारंभ योजना विशेष शिक्षा जरूरतों वाले छात्रों के लिए समर्थन को भी प्राथमिकता देती है, जिसमें स्कूल में निर्विघ्न तबदीली के लिए अग्रिम योजना शामिल है, इंडिविजुअल एजुकेशन प्लैन (आईईपी) और आईडेंटीफिकेशन, प्लेसमेंट एंड रिविउ कमिटीज़ (आईपीआरसी) की पालना किए जाने की आवश्यकता है, इसके साथ ही बोर्डों को सबसे महत्वपूर्ण स्तरों वाली ज़रूरतों वाले छात्रों के लिए पूर्णकालिक इन-क्लास निर्देशों की योजना बनाने की भी आवश्यकता है। हम बोर्डों  को बच्चों के उपचार केंद्रों सहित स्थानीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए भी कह रहे हैं ताकि छात्रों को उन समर्थनों तक पहुंच प्राप्त हो जिनकी उन्हें सफल होने के लिए आवश्यकता है।

चौथा, हमने देखा कि परिवारों ने चुनौती का सामना किया और जल्दी ही अनुकूलित किया जब हमने लर्न एट होम कार्यक्रम को शुरू किया। यह योजना नई ऑनलाइन पाठ्यक्रम सामग्री और डिजिटल उपकरण प्रदान करेगी, और आने वाले स्कूल वर्ष में छात्रों के लिए निरंतर सीखने का समर्थन करने के लिए शिक्षकों को अन्य संसाधन प्रदान करेगी। हम यह भी जानते हैं कि हमें और अधिक करना चाहिए ताकि सभी छात्रों के पास टेक्नोलोजी तक अधिक पहुंच हो, और सभी स्कूलों के पास इंटरनेट तक पहुंच हो।

**इस हफ्ते, मैंने उपकरण खरीदने और डिजिटल युग को आगे अपनाने में स्कूल बोर्डों की सहायता के लिए 15 मिलियन डालर की घोषणा की।** इस नए वित्त पोषण को 35,000 तक क्लासरूम कंप्यूटर खरीदने और छात्रों के लिए आगामी स्कूल वर्ष में सफल होने के लिए उपकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

…/p3

पांचवां, आज मैंने घोषणा की कि सरकार शिक्षा पर पहले से कहीं अधिक खर्च कर रही है। इस साल छात्रों की ज़रूरतों के लिए ग्रांटों में रिकॉर्ड 736 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। हम मानसिक स्वास्थ्य, विशेष शिक्षा, टेक्नोलोजी में रिकॉर्ड मात्रा में निवेश कर रहे हैं, और कुल मिलाकर - **हर स्कूल बोर्ड को फंडिंग बढ़ोतरी से लाभ होगा** - जैसे हम आने वाले वर्ष के लिए तैयारी करते हैं।

हम ओंटैरियो के छात्रों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता - उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए - उनकी सीखने की यात्रा में उनका समर्थन करने के लिए - और भविष्य में सफलता के लिए उन्हें स्थापित करने में कभी भी नहीं हिचकिचाएंगे।

**ओंटैरियो के माता-पिता, शिक्षा कर्मचारियों और समुदायों को** आपके समर्थन, विचारों और हमारे स्कूलों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और छात्रों की सफलता के लिए **धन्यवाद।**

आपकी गर्मियाँ सकारात्मक हों,



माननीय स्टीफन लैची, शिक्षा मंत्री

(The Honourable Stephen Lecce Minister
of Education)